RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 11 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 269 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

गोवंडी में 63 निर्माण स्थलों को नोटिस...




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## विरार/ नया वायरस से घबराने की जरूरत नहीं: वीवीसीएमसी




**विरार** : चीन से आया नया श्वसन वायरस 'ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) एक सामान्य सर्दी और ऊपरी श्वसन पथ संक्रमण का कारण बनता है। यह वायरस मुख्य रूप से सर्दियों और गर्मियों की शुरूआत में सक्रिय होता है। हालांकि, वसई-विरार महानगर-पालिका के स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को घबराने की बजाय सावधानी बरतने की सलाह दी है। महानगरपालिका की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी ने कहा, ''एचए- मपीवी से घबराने की जरूरत नहीं है। यह एक सामान्य संक्रमण है और इससे बचाव के लिए नागरिकों को कुछ महत्वपू र्ण नियमों का पालन करना होगा, जैसा हमने कोविड-19 के समय किया था।'' उन्होंने बताया कि महानगरपालिका ने एहतियात के तौर पर आइसोलेशन वार्ड तैयार कर लिए हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। क्या करें खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रूमाल या टिशू से ढकें।

# आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई नहीं...

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश, मुंबई की आरे कॉलोनी में पेड़ काटने से पहले लेना होगा अनुमति

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) के वृक्ष प्राधिकरण (वन प्रशासन) को निर्देश दिया कि वह उसकी अनुमति के बिना मुंबई की आरे कॉलोनी में पेड़ों की कोई और कटाई न होने दे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि वन प्रशासन आवेदनों पर कार्यवाही कर सकता है और फिर वह अदालत से आदेश ले। उच्चतम न्यायालय के इस आदेश से पहले मुंबई मेट्रो रेल निगम ने पीठ को बताया कि इस क्षेत्र में और पेड़ काटने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। वहीं कोर्ट ने मामले



की अगली सुनवाई की तारीख 5 मार्च तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को यह बताने का निर्देश दिया था कि क्या आरे वन में और पेड़ काटने का कोई प्रस्ताव है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में वनवासियों को मेट्रो रेल परियोजना के लिए वन में पेड़ों की कटाई पर अपनी शिकायत को लेकर बंबई हाई कोर्ट जाने की अनुमति दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 17 अप्रैल 2023 को मुंबई मेट्रो को ह्यकार शेड परियोजनाह्व के लिए जंगल में केवल 84 पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के अपने आदेश का उल्लंघन करने के लिए कड़ी फटकार लगाई थी और उसे 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का निर्देश दिया था।

### 177 पेड़ हटाने की अनुमति दी

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि एमएमआरसीएल की ओर से 84 से अधिक पेड़ों की कटाई के लिए वृक्ष प्राधिकरण को आवेदन देना अनुचित था। हालांकि, अदालत ने कंपनी को आरे जंगल से 177 पेड़ हटाने की अनुमति दे दी। साथ ही कहा कि यह इसीलिए दी जा रही कि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने से सार्वजनिक परियोजना ठप हो जाएगी जो वांछनीय नहीं है।


## वसई :39 वर्षीय विवाहिता महिला ने किया आत्महत्या



**वसई :** वसई पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक 39 वर्षीय विवाहिता महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना समाने आई है। इस मामले में वसई पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर उसे खिलाफ 8 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. डेलिसा रॉयल परेरा उम्र 39 वर्ष, निवासी-पापड़ी वसई पश्चिम में रहती थी। इस मामले में मृतका की मां ने वसई पुलिस स्टेशन में मृतका के पति के ऊपर एफआईआर दर्ज कराई। जिसमें कहा गया है कि, मृतका डॉ. डेलिसा का पति रॉयल परेरा का एक महिला के साथ अनैतिक प्रेम संबंध था, इस बारे में मृतका ने अपने पति रॉयल से पूछी, वह लगातार उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इस पीड़ा से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

# सत्र न्यायाधीश ने अग्रिम जमानत के लिए बंबई HC का किया रुख

महाराष्ट्र की एक सत्र अदालत के न्यायाधीश ने अपने खिलाफ दर्ज रिश्वतखोरी के मामले में अग्रिम जमानत के लिए बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। राज्य के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत देने के लिए पांच रुपये लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में सतारा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की एकल पीठ ने बुधवार को कहा कि वह 15 जनवरी को अपने कक्ष में याचिका पर सुनवाई करेगी क्योंकि इसमें एक न्यायिक अधिकारी संलिप्त है। निकम ने अधिवक्ता वीरेश पुरवंत के माध्यम से याचिका दायर की है। निकम ने कहा है कि वह निर्दोष हैं और मामले में उन्हें फंसाया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्राथमिकी में निकम के सीधी तौर पर रिश्वते मागे या लेने का




जिक्र नहीं है। इसमें दलील दी गई कि न्यायाधीश को न तो शिकायतकर्ता और अन्य आरोपियों के बीच किसी तरह की मुलाकात की जानकारी थी और न ही शिकायतकर्ता का जमानत मांगने वाले आरोपी से कोई संबंध है।

याचिका में कहा गया है कि निकम प्रमुख तिथियों पर छुट्टी या प्रतिनियुक्ति पर थे, जिससे आरोपों पर संदेह पैदा होता है। एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उनके पिता सरकारी नौकरी का झांसा देखकर धोखाधड़ी करने के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। उनके पिता सिविल डिफेंस कर्मचारी हैं। अधीनस्थ अदालत द्वारा जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद महिला ने सतारा सत्र अदालत में जमानत के लिए नयी अर्जी दाखिल की, जिस पर निकम को सुनवाई करनी थी। एसीबी ने आरोप लगाया कि मुंबई के किशोर संभाजी खराट और सतारा के आनंद मोहन खराट ने निकम के कहने पर महिला से उसके पक्ष में आदेश के लिए पांच लाख रुपये मांगे। भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने दावा किया कि तीन से नौ दिसंबर 2024 के बीच की गई जांच के दौरान रिश्वत मांगे जाने की बात सत्यापित हुई, जिससे पुष्टि हुई कि निकम ने रिश्वत मांगने के लिए खराट के साथ मिलीभगत की थी। एसीबी ने निकम, किशोर खराट, आनंद खराट और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## अनैतिक संबंध के विवाद के चलते पति ने दीवार पर सिर पटककर पत्नी की कर दी हत्या...!




**हुडकेश्वर :** दो साल के प्रेम प्रसंग के बाद एक युवक और युवती ने अपने परिवार के खिलाफ जाकर शादी कर ली। दोनों सामान्य जीवन जीने लगे। हालांकि, पति को शक था कि उसकी पत्नी का किसी युवक से अनैतिक संबंध है। इसी विवाद के चलते पति ने दीवार पर सिर पटककर पत्नी की हत्या कर दी। घटना हुडकेश्वर थाने की सीमा में सामने आई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और उसने पत्न ी की हत्या करना कबूल कर लिया है। हत्या की शिकार महिला का नाम राखी उर्फ पूनम पाटिल (27) और आरोपी पति का नाम सूरज पाटिल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरज और राखी ने तुलजाई नगर में एक कमरा किराए पर लिया था।

सूरज पेंटर का काम करता है। उनकी पांच और तीन साल की दो बेटियां हैं। गुरुवार 9 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे पत्नी के चरित्र पर शक के चलते दोनों के बीच विवाद हो गया। गुस्से में आकर सूरज ने राखी के सिर पर वार कर दिया। और उसका सिर दीवार पर दे मारा। इससे राखी खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। घर में काफी खून फैला हुआ था। कुछ ही देर में राखी बेहोश हो गई। करीब 3 बजे सूरज राखी को मेडिकल अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने राखी को मृत घोषित कर दिया। सूरज ने डॉक्टरों को बताया कि उसकी पत्नी के बिल्डिंग से गिरने पर उसके सिर पर जोरदार चोट लगी है। राखी के शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम कक्ष में भेज दिया गया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### चुनाव आयोग के जवाब...

चुनाव आयोग ने राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर दी हैं। सियासी तापमान लगातार बढ़ेगा। भाजपा का बहुत कुछ दांव पर है, क्योंकि वह 26 साल से दिल्ली अर्द्धराज्य की सत्ता से बाहर है। इस बार भी भाजपा के चुनावी पोस्टर पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र छापा गया है। साफ है कि पार्टी के पास मुख्यमंत्री के चेहरे लायक कोई नेता नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर एक अर्द्धराज्य के लिए वोट मांगना ही असंगत और राजनीतिक कमजोरी है। दूसरी तरफ केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) लगातार चौथी बार सत्ता के लिए जनादेश मांग रहे हैं, लेकिन इन 'कट्टर ईमानदार' चेहरों पर भ्रष्टाचार के दाग भी उभर आए हैं। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल समेत बड़े नेता, सांसद, विधायक जेल की हवा खा चुके हैं, लिहाजा 'आप' का चुनावी अभियान सवालिया है, लेकिन केजरीवाल चुनावी दौड़ से बाहर नहीं हैं। दरअसल दिल्ली बेहद शिक्षित, संपन्न और जागरूक महानगर है। यहां की साक्षरता दर 88 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आय 4.6 लाख रुपए सालाना है। दिल्लीवालों के पास करीब 1.70 करोड़ स्मार्ट फोन हैं और 70 फीसदी से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। जाहिर है कि दिल्ली का जनादेश किसी सामान्य राज्य या क्षेत्र से भिन्न होता है। ऐसे चुनाव की तारीखें घोषित करने से पूर्व चुनाव आयोग ने कई सवालों, आपत्तियों, संदेहों और झूठ के गुब्बारों के जवाब देना उचित समझा, क्योंकि आयोग देश के प्रति जवाबदेह है और स्पष्टीकरण देना उसकी संवैधानिक प्राथमिकता भी है।

अधिकतर आरोप कांग्रेस ने लगाए हैं और कुछ जनादेशों को 'ईवीएम का चुनाव' करार दिया है। 'आप' ने भी आरोप लगाए हैं कि दिल्ली में मतदाता-सूची में नाम जोड़े या काटे गए हैं। खुद मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग को ज्ञापन लिखा है कि केजरीवाल के चुनाव-क्षेत्र 'नई दिल्ली विधानसभा' में 6000 से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। कुछ और चुनाव-क्षेत्रों में भी ऐसा किया गया है। चूंकि इधर चुनाव आयोग की छवि और भूमिका दागदार और सवालिया हो गई है और उसे 'भाजपा का चुनाव आयोग' कहा जाने लगा है, लिहाजा स्पष्टीकरण देने बहुत जरूरी थे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक बार फिर 'ईवीएम' पर स्पष्टीकरण दिए। हालांकि सर्वोच्च अदालत तक इस मुद्दे पर विस्तृत फैसला सुना चुकी है। फिर भी सीईसी ने स्पष्ट किया कि ईवीएम बिल्कुल पारदर्शी है। उसे हैक नहीं किया जा सकता। उसमें वायरस डाल कर किसी भी चुनाव-परिणाम को प्रभावित नहीं किया जा सकता।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# गोवंडी में 63 निर्माण स्थलों को नोटिस...

## बेकरी को कराया गया बंद, फैला रहा था प्रदूषण, फैक्ट्रियों को भी नोटिस




**मुंबई :** गोवंडी परिसर में पिछले एक सप्ताह से वायु प्रदूषण बढ़ा हुआ है। मनपा एम ईस्ट वार्ड ने अब कठोर कार्रवाई करते हुए परिसर में चल रहे 63 निर्माण स्थलों को सात दिन का नोटिस जारी किया है। तथा कुछ फैक्ट्रियों को भी नोटिस थमाया है और एक बेकरी को बंद कर दिया गया है। गोवंडी में प्रदूषण कम नहीं हो रहा है, इसलिए मनपा आयुक्त ने इस क्षेत्र को निगरानी पर रखा था और दो दिन पूर्व यहां पर मोबाइल वैन रखकर प्रदूषण लेवल की जांच की जा रही थी। मनपा को इस परिसर में अधिक वायु प्रदूषण सामने आया। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने एम ईस्ट वार्ड के अधिकारियों को गोवंडी में निर्माण, कारखानों, बेकरी आदि का निरीक्षण करने और सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया। नियमों का पालन नहीं हो रहाऔर प्रदूषण कम करने के अन्य उपाय भी सुझाए। प्रदूषण के बढ़ने को संज्ञान में लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए लागू किए गए 28 नियमो का पालन नहीं करने वालो पर कार्रवाई शुरू की गई, जिसके तहत 63 निर्माणकताओं को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें इस समय सीमा के भीतर दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा एक बेकरी से भारी मात्रा में प्रदूषण फैल रहा है। इसलिए, वार्ड अधिकारियों ने इस भट्ठी को अस्थायी रूप से बंद करने का नोटिस जारी किया है। मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यहां एक रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांट भी है और उन्हें नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि यह पता चला है कि वे महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। मनपा प्रदूषण नियंत्रण दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले निर्माण और विकास कार्यों को कारण बताओ और काम बंद करने के नोटिस जारी कर रहा है। नवंबर 2024 से मुंबई में 850 से अधिक निर्माणों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

## भिवंडी : युवक पर चाकू से जानलेवा हमला



**भिवंडी :** नारपोली के ओसवालवाडी स्थित निर्मलधारा बिल्डिंग में दोस्ती के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता सोमू सोहन शर्मा (24) ने बताया कि यह घटना 8 जनवरी 2025 की रात लगभग रात्रि सवा तीन बजे के बीच ओसवाल नगर स्थित निर्मल धारा इमारत के पास हुई। आरोप है कि निखिल नामक युवक उसके 20 -25 लोगों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लोहे की रॉड व चाकू से सोमू के सिर और पैरों पर हमला कर दिया। हमले से पहले माणिक पाटिल को धमकी दी थी, ''आज तुझे जिंदा नहीं छोड़ेगा।'' घटना के बाद सोमू को गंभीर चोटें आईं, और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## भायंदर : प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों के चक्कर में दुकानदार परेशान



**भायंदर :** मनपा के अधिकारियों एवं कर्मचारीयों की वजह से इन दिनों दुकानदारों मे काफी नाराजगी फैली हुई है। मनपा के अधिकारियों एवं कर्मचारीयों द्वारा इन दिनों प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों पर कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के कारण स्थानीय दुकानदारों में नाराजगी फैली है। इस नाराजगी का कारण दुकानदार यह बताते हैं कि मनपा द्वारा 51 माइक्रोन की थैलियों को रखने कहा गया है। यहां के दुकानदार 51 माइक्रोन की प्लास्टिक थैलियों को रखते हैं, परन्तु मनपा के अधिकारी एवं कर्मचारी इन थैलियों को भी गलत बता रहे हैं। दुकानदार जो 51 माइक्रोन की थैली रखते हैं उस पर बकायदा 51 माइक्रोन का उल्लेख किया गया है इसके अलावा इन थैलियों को जहां बनाया जाता है वहां का पता भी इन थैलियों पर दिया गया है। इन थैलियों के लिए मनपा के लोगों का कहना है की इस पर क्यूआर कोड नहीं है। अगर क्यूआर कोड को स्कैन करते हैं तो इन थैलियों की पुरी जानकारी प्राप्त हो जाती है, वहीं दुकानदारों के पास जो थैलियां हैं उस पर क्यूआर कोड नही है।

## चांदीवली को असल्फा-घाटकोपर से जोड़ने वाली सड़क को बनाने का रास्ता साफ



**मुंबई :** चांदीवली क्षेत्र को असल्फा- घाटकोपर को जोड़ने वाली सीधी सड़क बनने का रास्ता साफ हो गया। मनपा एल वार्ड ने सड़क चौड़ा करने में बाधा बनने वाले झोपड़ों को तोड़ दिया। बता दें कि चांदीवली के निवासियों को साकीनाका जंक्शन के जरिए घाटकोपर जाने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। इसके अलावा नाहर लेआउट में खैरानी रोड को जोड़ने वाली सड़क अत्यधिक संकरी थी। जिससे यहां भारी ट्रैफिक का सामना स्थानीय लोगों को करना पड़ता था। यह सड़क पहले अस्तित्व में नहीं थी। मनपा की और से इस समस्या को हल करने के लिए चांदीवली के 60 फीट विजय फायर मार्ग और जंगलेश्वर मंदिर मार्ग (खैरानी रोड) के बीच मिसिंग लिंक जोड़ने का प्रोजेक्ट प्रकल्प शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट में आनंदीबाई सुर्वे गार्डन के पास 5 निमार्णो ने अड़चन बनी थी। इन निमार्णो को 'एल' विभाग द्वारा नोटिस देकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बाधित निमार्णो को हटाया गया।

## विवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज




**भिवंडी :** भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता सानिया इस्ति- याज शेख (28) ने आरोप लगाया है कि उसकी लड़की के पति और ससुराल वालों ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे उसकी लड़की गुलशन उर्फ सायमा रमजान शेख (20) ने आत्महत्या कर ली। घटना 25 अक्टूबर 2024 से 6 जनवरी 2025 के बीच फातमानगर, 6 फुट रोड, फैजान रजा मस्जिद के पास हुई। आरोप है कि सायमा शेख को उसके परिवार वालों, जिसमें पति रमजान अली शेख, सास समिना शेख और ननद सबीना शेख शामिल हैं, ने मानसिक प्रताड़ना दी। इसके चलते सायमा ने खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शांतिनगर पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85,109,4(4) के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# फर्जी गिरफ्तारी नोटिस मिले तो जवाब न दें, हमें शिकायत करें - मुंबई पुलिस आयुक्त



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे एक फर्जी गिरफ्तारी नोटिस के बारे में नागरिकों को सचेत करते हुए कहा है कि पुलिस आयुक्त के नाम से भेजा जा रहा ईमेल फर्जी है। इस तरह के किसी भी गिरफ्तारी नोटिस का जवाब न दें, बल्कि इसकी शिकायत करें। मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर ने कहा, ये साइबर ठग हैं, जो खुद को सीबीआई, ईडी और एनसीबी के अधिकारी बताकर लोगो को डरा रहे हैं और ठगी कर रहे हैं। फणसलकर ने लोगों से आग्रह किया कि जिन्हें ईमेल, फोन कॉल या मैसेजिंग एप के माध्यम से कोई भी संदिग्ध गिरफ्तारी नोटिस मिलता है, वे तुरंत पुलिस को रिपोर्ट करें। नागरिकों को ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहना चाहिए। ये धोखेबाज धोखा देने के लिए नए-नए तरीके अपनाते हैं। ऐसे कई धोखेबाज सामने आए हैं, जिनमें ऑनलाइन नौकरी धोखाधड़ी, लॉटरी धोखाधड़ी, फर्जी लोन, शेयर बाजार धोखाधड़ी समेत कई मामले सामने आए हैं।

# 2,400 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के आरोप में सहकारी ऋण समिति प्रवर्तक गिरफ्तार

**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय ने कई निवेशकों से 2,400 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के आरोप में महाराष्ट्र स्थित एक सहकारी ऋण समिति के प्रवर्तक को गिरफ्तार किया है। ईडी की तरफ से बृहस्पतिवार को बताया गया कि सुरेश कुटे को ज्ञानराधा मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव समिति लिमिटेड (डीएमसीएसएल) से संबंधित जांच के तहत 7 जनवरी को हिरासत में लिया गया था।



मुंबई में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने कुटे को 10 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी के मुतिबक डीएमसीएसएल का प्रबंधन सुरेश ज्ञानोबाराव कुटे, यशवंत वी कुलकर्णी और अन्य की तरफ से किया जाता था। इसनें विभिन्न जमा योजनाएं शुरू कीं और 12 से 14 प्रतिशत के बीच ब्याज देने का दावा किया।

एजेंसी के मुताबिक, कुटे और अन्य ने चार लाख से अधिक भोले-भाले निवेशकों को भारी मुनाफे का वादा कर डीएमसीएसएल में पैसा जमा करने के लिए लुभाया। लेकिन जमा पर निवेशकों को कोई भुगतान नहीं किया गया या केवल आंशिक भुगतान कर उन्हें धोखा दिया गया। एजेंसी ने पिछले वर्ष इस मामले में कई बार छापे मारे थे और अब तक 1,400 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

# अवैध मछली पकड़ने वालों पर ड्रोन रखेगा नजर

**मुंबई :** राज्य के समुद्री क्षेत्रों में अवैध मछली पकड़ने और घुसपैठ को रोकने के लिए ड्रोन का उपयोग कर एक विशेष निगरानी प्रणाली शुरू की गई है। मत्स्य पालन और बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने कहा कि यह ड्रोन प्रणाली राज्य के 7 जिलों के 9 तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा को और मजबूत करेगी। वे ड्रोन निगरानी प्रणाली के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 7 जिले में 9 जगहों पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इनमें पालघर जिले में शिरगांव, ठाणे जिले में उत्तन, मुंबई उपनगरीय जिले में गोराई, मुंबई शहर जिले में ससून डॉक, रायगड जिले में रेवदंडा और श्रीवर्धन, रत्नागिरी जिले में मिरकरवाड़ा और साखरी नाटे और सिंधुदुर्ग में देवगड शामिल हैं।

# मुंबई : 32 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार




**मुंबई :** पुलिस की अपराध शाखा ने एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो लोगों को ''डिजिटल गिरफ्तारी'' के बाद धोखा देते थे। अधिकारी ने बताया कि खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले गिरोह के सदस्यों की पहचान गंगविशन मंजू (32), विलास बिश्नोई (21), प्रेमसुख बिश्नोई (19), रामनिवास बिश्नोई (32), सुनील बिश्नोई (24) और अजय कुमार बिश्नोई ( 21) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सभी गिरफ्तार लोग राजस्थान से हैं ।उन्हें दक्षिण मुंबई के एक होटल से गिरफ्तार किया गया।

# जेएनपीए से पुराने पुणे हाइवे तक एक नया स्पेशल हाइवे बनाया जा रहा है।

## कुल 2,900 करोड़ रुपये की लागत...

**मुंबई:** देश के पांच प्रमुख बंदरगाहों में से एक जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए) पर आने वाले कंटेनरों के ट्रैफिक को कम करने की तैयारी है। इसके लिए जेएनपीए से पुराने पुणे हाइवे तक एक नया स्पेशल हाइवे बनाया जा रहा है। कुल 2,900 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 29 किलोमीटर लंबे इस हाइवे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से किया जाएगा।



**क्यों बनाया जा रहा ये हाइवे**

दअसल हर रोज पांच हजार से अधिक कंटेनर और ट्रक पुणे की ओर जेएनपीए आते हैं। उतनी ही संख्या में ट्रक उत्तर से ठाणे की ओर आते हैं। इन दोनों दिशाओं से आने वाले ट्रक ठाणे-बेलापुर रोड या पुणे एक्सप्रेसवे से पनवेल या बेलापुर, खारघर क्षेत्रों की सड़कों का उपयोग करते हैं। इस प्रकार प्रतिदिन 10,000 मालवाहक वाहन इस क्षेत्र से गुजरते हैं। इससे जाम की स्थिति पैदा होती है और स्थानीय लोगों को भी परेशानी होती है। यह समस्या जल्द ही हल हो जाएगी। एनएचएआई ने इसकी योजना बना ली है।

**क्या है योजना ?**

जेएनपीए के पास पगोटे और पुराने मुंबई-पुणे हाइवे के चौराहे के बीच एक नया हाइवे बनाया जाएगा। पगोटे नेशनल हाइवे 348 पर स्थित है। जो बेलापुर से जेएनपीए तक, जेएनपीए रोड पर आता है। यह नया हाइवे वहां से सीधे गोल चक्कर तक 29.219 किलोमीटर लंबा होगा। यह हाइवे मुख्यतः एलिवेटेड होगा। इसमें एक सतही सड़क और दो सुरंगें होंगी। यह हाइवे 60 मीटर चौड़ा और छह लेन का होगा। इसका मतलब यह होगा कि दक्षिण (पुणे की ओर) से आने वाले वाहनों को पनवेल या बेलापुर तक आने की जरूरत नहीं होगी। वे सीधे जेएनपीए तक पहुंच सकेंगे। इसी तरह, उत्तर दिशा से आने वाले वाहन भी ठाणे-बेलापुर रोड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से बचकर पुराने पुणे हाइवे से चौराहे तक पहुंच सकेंगे और दस मिनट में सीधे जेएनपीए पहुंच सकेंगे। नेशन हाइवे 348 पर चिरनेर, गोवा नेशनल हाइवे और मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे को इस हाइवे के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 'अटल सेतु' के जरिए आने वाले वाहन भी चिरनेर के पास से इस हाइवे तक पहुंच सकेंगे।

# मुंबई : लोकल ट्रेन में झगड़ा शांत कराने गए शख्स को मार दिया चाकू



**मुंबई :** मुंबईकर की लाइफलाइन लोकल ट्रेन में ऐसी ही घटना ने सबको हिलाकर रख दिया है. चलती ट्रेन में एक शख्स ने ट्रेन में चॉकलेट बेच रहे एक व्यक्ति को चाकू मार दिया. इतने से मन नहीं भरा तो डंडे से भी पीटा. पैसेंजर्स ने तत्काल इसकी सूचना बांद्रा रेल पुलिस को दी. जीआरपी ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जानकारी के अनुसार, मुंबई के सबअर्बन ट्रेन में कुछ महिला यात्रियों और एक पुरुष के बीच झगड़ा हो रहा था. इसमें हस्तक्षेप करने वाले एक व्यक्ति को चाकू मार दिया गया. पीड़ित फिलहाल अस्पताल में भर्ती है. पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर वेस्ट रेलवे नेटवर्क पर बांद्रा स्टेशन के पास हुई. चलती ट्रेन में चाकूबाजी की घटना होने से सनसनी फैल गई.

रनिंग ट्रेन में खलबली मच गई. पुलिस अधिकारी ने बताया कि सचिन धारोलिया (24) अपने बहनोई जितेश अंबालिया के साथ ट्रेन के महिला डिब्बे में चॉकलेट बेच रहा था. उस समय कुछ महिला पैसेंजर्स एक व्यक्ति से बहस कर रही थीं. धारोलिया ने हंगामा रोकने के लिए हस्तक्षेप किया, लेकिन मामला बढ़ गया और उस व्यक्ति ने धारोलिया के पेट में चाकू घोंपने के साथ-साथ सिर पर डंडे से वार भी किया.

# मामूली विवाद में युवक से मारपीट नौसेना अधिकारी से धोखाधड़ी

**भिवंडी :** भिवंडी शहर के पोस्ट ऑफिस परिसर के पास एक युवक पर गंभीर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में करणदीप सिंह बलविंदर सिंह वालिया (25) ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 11 जनवरी की रात लगभग 11:00 बजे पूजा अपार्टमेंट बिल्डिंग, - पोस्ट ऑफिस के में हुई। । शिकायतकर्ता का आरोप है कि एक पुराने विवाद के चलते आरोपी किरन बोड़ा, भगवान बोड़ा, आदित्य पेमलाल, संजय बोडा, वरूण बोडा, आदिल ऐमजाल, संजय बोड़ा, वरूण वोडा, सनी मरू, सुमित सोनार, जितेन्द्र जयस्वाल, धर्मेंद्र जय- स्वाल व अन्य ने उसे घेरकर बुरी तरह से पीटा। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी किरन बोड़ा और अन्य ने पहले गाली-गलौज की और फिर उसे लाठी, डंडों और अन्य हथियारों से मारने की कोशिश की। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में शिकायतकर्ता को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने आरोपी किरन बोड़ा और अन्य 10 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है।

# प्रतिबंधित नायलॉन मांजा बेचने वाले के खिलाफ मामला दर्ज...

**भिवंडी :** नायलॉन मांजा, जो इंसानों और पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है, इसकी बिक्री पर प्रतिबंध होने के बावजूद भिवंडी में बड़े पैमाने पर इसका व्यापार किया जा रहा है। इस संदर्भ में भिवंडी शहर पुलिस ने नायलॉन मांजा बेचने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस कर्मचारी समाधान भोसले ने नेहरूनगर के नविबस्ती इलाके में रात 11 बजे गश्त के दौरान एक व्यक्ति को नायलॉन मांजा बेचते हुए पकड़ा। आरोपी मोईस आबुल शाह हनुमान मंदिर के पास पतंग उड़ाने के लिए प्रतिबंधित नायलॉन मांजा बेच रहा था। पुलिस ने उसके पास से 1,330 रुपये मूल्य का मोनो कंपनी का प्रतिबंधित नायलॉन मांजा बरामद किया।

# मालवानी पुलिस ने दर्ज किया पश्चिम बंगाल के चार लोगों के खिलाफ हत्या और साजिश का मामला...

**मुंबई :** मलाड में मालवानी पुलिस ने पीड़ित की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के आधार पर पश्चिम बंगाल के चार लोगों के खिलाफ हत्या और साजिश का मामला दर्ज किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके पति की हत्या उन लोगों ने की है, जबकि संदिग्धों का कहना है कि पीड़ित ने आत्महत्या की है. यह मामला पिछले साल दिसंबर में बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई जीरो एफआईआर (एफआईआर जो किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है, चाहे अपराध कहीं भी हुआ हो) से उपजा है. मामला मलाड में मालवानी पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया, जिसने 7 जनवरी को एफआईआर दर्ज की.




बंगाल के मेदिनीपुर जिले की निवासी पीड़ित की पत्नी, 25 वर्षीय, ने 30 नवंबर, 2024 को स्थानीय पुलिस से संपर्क किया था, जिसमें शिकायत की गई थी कि उसके पति, जो मिठाई बनाने का काम करते हैं, को चार लोग मुंबई ले गए थे, जिनकी पहचान उन्होंने निमय सिंह, मायारानी सिंह, बापी सिंह और लोचन सिंह के रूप में की थी, जो दिवाली के त्योहार के दौरान काम के लिए गए थे. महिला ने दावा किया कि उसने अपने पति से आखिरी बार 18 अक्टूबर को बात की थी, और सब कुछ ठीक लग रहा था. हालांकि, 19 अक्टूबर की सुबह मायारानी ने उसे फोन करके बताया कि उसके पति ने आत्महत्या कर ली है. महिला के अनुसार, उसने मायारानी से उसके पति के शव को गांव भेजने का अनुरोध किया, लेकिन उसने कहा कि वे पहले ही शव का अंतिम संस्कार कर चुके हैं.

कुछ संदिग्ध महसूस होने पर उसने 30 नवंबर को बंगाल के सालबोनी पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया, जिसने कथित घटना मुंबई में होने का हवाला देते हुए मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया. इसके बाद उसने 4 दिसंबर को पश्चिम मेदिनीपुर के डीसीपी से संपर्क किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद उसने कोर्ट में याचिका दायर की. उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए, स्थानीय कोर्ट ने दिसंबर, 2024 के आखिरी हफ्ते में सालबोनी पुलिस स्टेशन को बीएनएस की धारा 103 और 61(2) के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया. कोर्ट के आदेश के बाद जीरो एफआईआर दर्ज की गई और केस को मुंबई के मालवानी पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया.


मालवानी पुलिस स्टेशन के जाँच अधिकारी पीएसआई सचिन निकालजे ने कहा, ''पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि मौत का कारण आत्महत्या है. जब पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंपने का समय आया, तो हमने मृतक की पत्नी से संपर्क किया और उसे मुंबई आने का अनुरोध किया. हमने उसे यह भी बताया कि अगर उसे कोई चिंता या शिकायत है, तो वह उन्हें पुलिस स्टेशन में दर्ज करा सकती है ''.

# मुंबई सेंट्रल, ग्रांट रोड क्षेत्रों में दूषित पानी की सप्लाई से लोग परेशान...



**मुंबई :** ग्रांट रोड, मुंबई सेंट्रल क्षेत्र के रहिवासी इस समय गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पिछले चार-पांच दिनों से इस पूरे इलाके में मटमैले पानी सप्लाई हो रही है, जिससे रहवासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। दूषित पानी सप्लाई से परेशान स्थानीय लोगों को बोतलबंद पानी खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मनपा के डी. वार्ड अधिकारी भी इस समस्या का समाधान ढूंढने में विफल हो रहे हैं। मनपा जल विभाग के अधिकारी लोगों से पानी उबालकर पीने की अपील की है। मुंबई सेंट्रल और ग्रांट रोड इलाकों में गगनचुंबी इमारते हैं। इस परिसर में बड़ी संख्या में दुकानें और का- र्यालय भी हैं। पिछले कुछ सालों से इस इलाके में पानी की मांग बढ़ रही है। यह पूरा इलाका डी वार्ड में आता है। गुरुवार को कुछ लोगो ने जल विभाग में मोर्चा निकालने की चेतावनी दी। इस क्षेत्र में शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक दो घंटे पानी आता है। स्थानीय निवासियों को इस दो घंटे की पानी की आपूर्ति पर निर्भर रहना पड़ता है। पिछले चार-पांच दिनों से आ रहा पानी मटमैला आ रहा है, जिससे लोग इस पानी को पी भी नहीं पा रहे है।

# ठाणे में हत्या की सनसनीखेज वारदात, 500 रुपये को लेकर छोटे भाई की हत्या!




**ठाणेः** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। ठाणे में महज 500 रुपये को लेकर दो भाईयों में कहासुनी होने लगी। इसके 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की कथित रूप से हत्या कर दी। ठाणे पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि मंगलवार को कल्याण में यह घटना हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

बाजारपेठ थाने के एक अधिकारी ने बताया कि छोटे भाई नसीम खान (27) ने बड़े भाई से पूछे बगैर ही उसकी जेब से 500 रुपये निकाल लिए। इसको लेकर बड़े भाई सलीम शमीर खान (32) ने जवाब तलब किया। तब सलीम और नसीम में कहासुनी होने लगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के बीच कहासुनी तीखी हो चली और आरोपी सलीम ने कथित रूप से चाकू से वार कर अपने छोटे भाई की जान ले ली। पुलिस ने बताया कि सलीम उस समय नशे की हालत में था। पुलिस के अनुसार उनकी मां ने इस घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी। उसके बयान के आधार पर आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया और उस पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया। मामले की जांच में जुटी पुलिसपुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

# मुंबई : ओबेरॉय इंटरनेशनल कॉलेज में 11वीं की छात्रा ने कॉलेज के बाथरूम में लगाई फांसी



**मुंबई :** एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. मुंबई के आरे पुलिस स्टेशन इलाके में 11वीं क्लास में पढ़ने वाली एक बच्ची ने अपने कॉलेज के ही बाथरूम में फांसी लगाकर जान दे दी. मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही जांच शुरू हुई और छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है. मामला आरे पुलिस स्टेशन इलाके के ओबेरॉय इंटरनेशनल कॉलेज का है. मृतक छात्रा के परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद केस दर्ज कर पुलिस की एक टीम जांच में जुट गई. जांच और पूछताछ में पाया गया है कि छात्रा इसके पहले भी कई इस तरह के कदम उठा चुकी है. छात्रा ने अपने कॉलेज के बाथरूम में जाकर अपने मोजे की मदद से हैंगर में फांसी लगाई है और सुसाइड कर लिया.

**कॉलेज मैनेजमेंट ने जारी किया था बयान**

स्कूल मैनेजमेंट की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया है कि यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारी 11वीं की एक छात्रा की सुबह मृत्यु हो गई है. हम अभी इससे ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते. हम यह अनुरोध करते हैं कि इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार की गोपनीयता के प्रति समझदारी और सम्मान दिखाएं. साथ ही प्रार्थना करें कि बच्ची की आत्मा को शांति मिले और उसके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति मिले.

कॉलेज में छात्रा सुसाइड केस ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अपने दिल और दिमाग पर ऐसा कौन सा बोझ रखते हैं, जो दोस्तों या घर वालों से शेयर नहीं कर पाते? ऐसा बोझ जो उन्हें जान तक दे देने को मजबूर कर देता है. इसको लेकर अब स्कूल प्रशासन भी सतर्क हो रहा है. स्कूल ने कल से ही कैंपस में परामर्श सुविधा शुरू करने का दावा किया है. इसके जरिए बच्चों से बातचीत की जाएगी और अभिभावकों को भी समझाया जाएगा कि बच्चों से कैसे बात की जाए.

# ठाणे : 31 दिसंबर से लापता महिला मिली मृत... ट्रेन से गिरने की आशंका



**ठाणे :** ठाणे जिले के कल्याण से 31 दिसंबर को लापता हुई एक महिला मृत पाई गई है। ठाणे रेलवे पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिला का शव ठाणे सिविल अस्पताल में पाया गया।

उन्होंने कहा कि वह मुलुंड में एक व्यक्ति से मिलने गई थी, जो उत्तर प्रदेश में उसके पैतृक गांव का उसका दोस्त है। उस व्यक्ति ने हमें बताया कि वह ट्रेन के फुटबोर्ड पर खड़े होने के दौरान कलवा क्रीक में गिर गई थी। उसने दावा किया कि वह भी गिर गया था और फिर बेहोश हो गया। उसका कहना है कि इससे ज्यादा जानकारी उसे नहीं है। ठाणे रेलवे पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने ने कहा कि दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com